संख्या-3/889/22-4-14-48(70)/94टीसी-2

प्रेषक,

आर0 के0 द्विवेदी
उप सचिव
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

महानिरीक्षक
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं
उ0प्र0, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं अनुभाग 4 लखनऊ दिनांक- 10 सितम्बर,2014

विषय- शहर की घनी आबादी के मध्य आ गयी जिला कारागार, रामपुर को शहर से बाहर स्थानानरित किये जाने हेतु उ0प्र0 चीनी एवं गन्ना विकास निगम की भूमि के क्रय हेतु वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या- 16561/नम-2/वैल्यूम-।।, दिनांक- 27 जून,2014 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शहर की घनी आबादी के मध्य आ गयी जिला कारागार, रामपुर को शहर से बाहर स्थानान्तरित किये जाने हेतु उ0प्र0 राज्य चीनी एंव गन्ना विकास निगम लि0 की जनपद रामपुर स्थित 41;744 हे0 भूमि की लागत रू0 66,01,56,900/-(रूपया छियासठ करोड एक लाख छप्पन हजार नौ सौ मात्र) में से जिलाधिकारी, रामपुर के कोष में जमा धनराशि रू0 3,46,19,385/- को समायोजित करने के उपरान्त कुल धनराशि 62,55,37,515/- (रूपया बासठ करोड़ पचपन लाख सैंतिस हजार पॉच सौ पन्द्रह मात्र) अवशेष है उक्त धनराशि रू0 62,55,37,515 के सापेक्ष उ0प्र0 चीनी एवं गन्ना विकास निगम को प्रथम किश्त के रूप में रू0 20,00,00,000//-(रूपया बीस करोड़ मात्र) की धनराशि दिये जाने हेतु श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति इस शर्त के साथ प्रदान करते हैं कि नवनिर्माण के बाद कारागार स्थानान्तरण से जो धनराशि प्राप्त होगीं, वह राजकोष में जमा कर दी जायेगी।

2- उक्त स्वीकृत धनराशि का व्यय सुसंगत नियमों/शासनादेशों में विहित व्यवस्था का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जायेगा।

2- इस निमित्त होने वाले व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2014-15 के आय- व्ययक के अनुदान संख्या-25 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक "4070-अन्य प्रशासनिक सेवाओं पर पूंजीगत परिव्यय-800-अन्य व्यय -08-कारागारों का निर्माण-24 वृहत् निर्माण कार्य" के नामे डाला जायेगा और उक्त लेखाशीर्षक/ मद में उपलब्ध प्रावधान से वहन किया जायेगा।

3- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-12-1422/दस-2014, दिनांक-08 सितम्बर,2014 में प्राप्त सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(आर0के0द्विवेदी)
उप सचिव

संख्या-3/889(1)/22-4-14-तददिनांकित-

प्रतिलिपि-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

(1) प्रधान महालेखाकार(सिविल आडिट) उ0प्र0, इलाहाबाद।
(2) प्रबंध निदेशक,, उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लि0, लखनऊ।
(3) जिलाधिकारी, वाराणसी।
(4) मुख्य कोषाधिकारी ,जवाहर भवन, लखनऊ।
(5) निदेशक, वित्तीय सांख्किीय निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ।
(6) वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-12/वित्त (आय- व्ययक) अनुभाग-1/2
(7) गार्ड फाईल।

आज्ञां से,

(आर0के0द्विवेदी)
उप सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in